कार्यालयः उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्याः 08 (3)/सी–1/पी0सी0एस0–22/2022–23
प्रयागराज : दिनांक 17 मई, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2022 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों के सभी अनिवार्य एवं वैकल्पिक विषयों/प्रश्नपत्रों के प्राप्तांक और साक्षात्कार के प्राप्तांक तथा उनका कुल योग (जो लागू हो) एवं परीक्षा में सम्मिलित सभी पदों पर चयन के पश्चात अन्तिम चयनित अभ्यर्थियों के पदवार एवं श्रेणीवार कट आफ अंक आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक 17/05/2023 से दिनांक 24/05/2023 तक उपलब्ध कराये जा रहे हैं। अभ्यर्थीगण द्वारा उक्त वेबसाइट को क्लिक करने पर प्रदर्शित फार्मेट पर वांछित सूचनाओं की प्रविष्टि करने के उपरान्त उनके मोबाइल पर प्राप्त O T P की प्रविष्टि कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित निर्धारित कोष्ठक में करके अपने प्राप्तांक प्राप्त किये जा सकते हैं।

2. जिन अभ्यर्थियों को O T P प्राप्त नहीं हो रहा है तथा O T P प्राप्त करने हेतु वे अपना मोबाइल नम्बर परिवर्तित कराना चाहते हैं, ऐसे अभ्यर्थी प्रार्थनापत्र जिसमें अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम, परिवर्तित मोबाइल नम्बर एवं हस्ताक्षर अवश्य हों एवं उसके साथ स्वप्रमाणित आई डी प्रूफ (वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड अथवा हाई स्कूल का प्रमाण पत्र) की छायाप्रति संलग्न कर अनुभाग अधिकारी, परीक्षा–3 अनुभाग उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को डाक द्वारा प्रेषित करें। तदुपरान्त मोबाइल नम्बर परिवर्तित होने का SMS अभ्यर्थियों को उनके नये मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होगा। नये मोबाइल नम्बर के आधार पर वे उपर्युक्त प्रकियानुसार अपने प्राप्तांक प्राप्त कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त इसमें कोई अन्य प्रकार की विश्लेषणात्मक सूचना नहीं है। इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि चूँकि प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं पदवार/श्रेणीवार कट आफ अंक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। अतः प्राप्तांकों अथवा पदवार/श्रेणीवार कट आफ अंकों की सूचना प्राप्त करने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रेषित न किये जाएं।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियन्त्रक।

कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 166 / 01 / अतिगोपन–2 / 2022–23
प्रयागराजः दिनांक 11 जुलाई, 2023

प्रेस–विज्ञप्ति

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा–2022, जो दिनांक 12.06.2022 को आयोजित हुई थी, से संबंधित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट–ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट–https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक–11.07.2023 से दिनांक–17.07.2023 तक अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण द्वारा उक्त वेबसाइट को क्लिक करने पर प्रदर्शित फार्मेट पर वॉछित सूचनाओं की प्रविष्टि करने के उपरान्त अपने प्राप्तांक प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त इसमें कोई अन्य प्रकार की विश्लेषणात्मक सूचना नहीं है । इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट–ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। अतः प्राप्तांकों एवं श्रेणीवार कट–ऑफ अंकों की सूचना प्राप्त करने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

(देवी प्रसाद पाल)
सचिव